TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

2024

24 नवंबर 2024

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

अहिंसा सबसे बड़ा कर्तव्य है।

महात्मा गांधी



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

# Teachers of Bihar

*The change makers*

# दिवस ज्ञान

**शशिधर उज्जवल**

S u n d a y

## 24 नवम्बर

1. **गुरू तेगबहादूर शहीदी दिवस–** सिखों के नौवें गुरू तेगबहादूर का निधन 24 नवम्बर, 1675 ई. को हुआ था। उन्होंने 115 पद्य की रचना की जो गुरूग्रन्थ साहिब में संग्रहित है। उन्होंने काश्मीरी पण्डितों तथा अन्य हिन्दूओं को बलपूर्वक मुसलमान बनाने को विरोध किया। इस्लाम धर्म स्वीकार नहीं करने के कारण मुगल शासक औरंगजेब ने उन्हें सन् 1675 ई. में सबके सामने सिर कलम करवा दिया। गुरूद्वारा शीशगंज साहिब तथा गुरूद्वारा रकाबगंज साहिब उन स्थानों का स्मरण दिलाते है, जहाँ गुरूजी की हत्या की गयी थी तथा उनका अंतिम संस्कार किया गया था।
2. **श्री अरविंदो को पूर्ण सिद्धि प्राप्ति–** योगी एवं दार्शनिक श्री अरविन्दो का जन्म 15 अगस्त, 1872 ई. को कोलकाता में हुआ था। उनकी प्रमुख कृतियों में 'द मदर, 'दिव्य जीवन', 'वन्दे मातरम्', 'भारतीय संस्कृति के आधार' आदि प्रमुख हैं। उन्होंने पांडिचेरी में अपना आश्रम स्थापित किया था। 24 नवम्बर, 1926 ई. को उन्हें पूर्ण सिद्धि की प्राप्ति हुई थी।



Teachers of Bihar

The change makers

# दिवस विशेष

24 नवंबर

मधु प्रिया

## गुरु तेग बहादुर शहीद दिवस 24 नवम्बर




गुरु तेग बहादुर सिखों के 9वें गुरू थे, उनका जन्म अमृतसर में 21 अप्रैल, 1621 को माता नानकी और सिखों के छठे गुरु, गुरु हरगोबिंद के यहां हुआ था। गुरु तेग बहादुर, गुरु हरगोबिंद साहिब के सबसे छोटे बेटे थे. इन्हें 'हिंद की चादर' के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने हिंदू धर्म को बचाने केलिए मुगल शासक औरंगजेब से सीधी टक्कर ली थी। मुगल शासक औरंगजेब के आदेश पर 24 नवंबर 1675 को गुरु तेग बहादुर की हत्या की गई थी। औरंगजेब ने उनको सिख धर्म छोड़कर इस्लाम धर्म स्वीकार करने का दबाव डाला था। लेकिन गुरु तेग बहादुर जी उसके दबाव के आगे नहीं झुके, उन्होंने धर्म परिवर्तन की बजाय शहादत को चुना। गुरु तेग बहादुर ने धर्म छोड़ने और चमत्कार दिखाने से साफ इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि वे अपना सिर कलम करवा सकते हैं, पर अपने बाल नहीं कटवाएंगे। 1675 ई॰ में दिल्ली के चांदनी चौक में जल्लाद जलालदीन ने तलवार से गुरु साहिब का शीश धड़ से अलग कर दिया। लाल किले के सामने आज उसी जगह पर गुरुद्वारा शीशगंज साहिब स्थित है। उन्होंने अपने धर्म की रक्षा के लिए अपना सिर कटवा दिया। मुसलमान बनने से इनकार करने पर 24 नवंबर 1675 ईसवीं में गुरु साहिब के शीश को दिल्ली के चांदनी चौक में औरंजेब ने धड़ से अलग कर दिया था।

# जन्मदिन विशेष 24 नवंबर

राकेश कुमार



## अरुंधति रॉय

**बुकर अवार्ड जीतने वाली प्रथम भारतीय महिला**

सुजाना अरुंधति रॉय (जन्म 24 नवंबर 1961) एक भारतीय लेखिका हैं जो अपने उपन्यास द गॉड ऑफ स्मॉल थिंग्स (1997) के लिए जानी जाती हैं, जिसने 1997 में फिक्शन के लिए बुकर पुरस्कार जीता और एक गैर-प्रवासी भारतीय लेखक द्वारा सबसे अधिक बिकने वाली पुस्तक बन गई। वह मानवाधिकार और पर्यावरण कारणों से जुड़ी एक राजनीतिक कार्यकर्ता भी हैं

Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 24.11.2024

## दृश्य बोध

दृश्य बोध आँखों में पहुँचने वाले प्रकाश में निहित जानकारी से देखी गई चीज़ों के बारे में बोध उत्पन्न होने की प्रक्रिया को कहते हैं। सामान्य हिन्दी में दृश्य बोध को दृष्टि और नज़र भी बुलाया जाता है। दृश्य बोध के लिए शरीर के बहुत से अंगों का प्रयोग होता है, जैसे की आँखें और मस्तिष्क का प्रमस्तिष्क प्रांतस्था (सरीब्रल कोर्टेक्स)।


रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान
Rakesh kumar
डेनमार्क की रहने वाली 21 वर्षीय Victoria Kjaer Theilvig को मिस यूनिवर्स 2024 के ख़िताब से सम्मानित किया गया है।
www.teachersofbihar.org

# TOB
राकेश कुमार

# खेल कॉर्नर

# GOLF

## गोल्फ खेल का इतिहास

112 साल के अंतराल के बाद रियो 2016 ओलंपिक में गोल्फ ओलंपिक कार्यक्रम में लौट आया। पेरिस 1900 और सेंट लुइस 1904 ओलंपिक में एक आधिकारिक खेल, गोल्फ़ गायब हो गया था।

### गोल्फ के नियम

- हर राउंड में **18 होल** का इस्तेमाल किया जाता है और पेशेवर प्रतियोगिता में **4 राउंड** के खेल का आयोजन होता है।
- अगर गेंद पानी में जाती है तो खिलाड़ियों को **पेनल्टी शॉट** खेलना पड़ता है। प्लेयर को इस दौरान गेंद के नजदीक पानी के अंदर जाकर फिर से शॉट खेलना होता है।
- **सबसे कम स्कोर** वाला खिलाड़ी जीतता है।




बेहतर वायुगतिकी के लिए गेंद में डिंपल होते हैं।

### शॉट लगाने की तकनीक








### गोल्फ़ कोर्स की रचना

एक होल तब होता है जब एक गोल्फर **टी शॉट** पर गेंद को छेदता है

बंकर रेत से गेंद खेलने की गोल्फ खिलाड़ी की क्षमता का परीक्षण करते हैं

प्रत्येक गोल्फ होल **टी बॉक्स** से एक शॉट के साथ शुरू होता है



# पुण्यतिथि पर नमन



# गुरु तेग बहादुर

1 अप्रैल 1621-24 नवंबर 1675

Madhu priya

www.teachersofbihar.org


HAPPY BIRTHDAY
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
अरूंधति रॉय
24 नवंबर 1961
www.teachersofbihar.org
Madhu priya